सहरसा जिलान्तर्गत राज्य के प्रमंडलीय जिला मुख्यालय, सहरसा में निर्माणाधीन प्रेक्षागृह–सह–आर्ट गैलरी भवन में Video Projection System, Stage Lighting System & Sound Reinforcement System से संबंधित कार्य के लिए दिनांक: 21.06.2019 को आहूत प्री–बीड बैठक की कार्यवाही:–

1. संवेदक द्वारा मूल कार्य की निविदा से अलग संबंधित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करने का कारण पूछा गया। जिसके जबाव में बतलाया गया कि मूल कार्य के प्रशासनिक स्वीकृति में यह कार्य सन्निहित नहीं था। बाद में पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन में संबंधित कार्यो को समाहित करते हुए प्रशासी विभाग से पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की गई। चूँकि इस कार्य का मद पूर्व के प्राक्कलन में नहीं था इसलिए Video Projection System, Stage Lighting System & Sound Reinforcement System से संबंधित कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई।
2. संवेदक द्वारा Video Projection System, Stage Lighting System & Sound Reinforcement System के अनुमोदित परिमाण विपत्र के संबंध में जानकारी माँगी गई। जिसके जबाव में निगम के द्वारा बतलाया गया कि संबंधित मदों का दर समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम् से प्राप्त किया गया है और न्यूनतम् प्राप्त दर को परिमाण विपत्र में सम्मिलित कर अनुमोदित किया गया है।
3. संबंधित मूल कार्य (असैनिक कार्य) के संबंध में जानकारी माँगी गयी कि भवन का निर्माण कार्य अभी किस स्थिति में है। जिसके जबाव में उन्हें बतलाया गया कि कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और संबंधित कार्य किए बगैर भवन उपयोग में लाना संभव नहीं है। अत: हस्तांतरण पूर्व सभी कार्य किया जाना अति आवश्यक है। कार्य आवंटित होते ही प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी संबंधित निविदादाता की होगी, जिन्हें यह कार्य आवंटित होगा।

Ashutosh
21/06/19
सहायक महाप्रबंधक
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

21/6/19
महाप्रबंधक (उत्तर)
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।